11:40 Vo LTE 5G

dyaaworldschool.com 5

# कार्यालय सहायक अभियन्ता
# निर्माण खण्ड भवन, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक:– 162/एन0बी0सी0–2005 दिनांक:– 14/08/2020

सेवा में,

जिला बेसिक अधिकारी
बरेली।

विषय:– नेशंनल बिल्डिंग कोड–2005 के मानकों के अनुसार प्रमाण–पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ:– आपका पत्रांक–3/मान्यता/3707–09/19–20 दि0–05.08.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करें। विधा भवन पब्लिक स्कूल बैभव नगर डेन्टल कॉलेज के सामने, बरेली का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सिविल इंजीनियर श्री राज गोयल द्वारा दिये गये प्रमाणपत्र एवं भवन प्रबन्धक द्वारा दिये गये शपथपत्र का अवलोकन किया गया। उक्त प्रमाणपत्र एवं शपथपत्र के अनुसार विद्यालय भवन में नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के प्राविधानों के मानकों का प्रयोग किया गया है लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों का कोई तकनीकी परीक्षण नहीं कराया गया है।

अतः उक्त सिविल इंजीनियर द्वारा प्राप्त कराये गये प्रमाणपत्र भवन प्रबन्धक द्वारा दिये गये शपथपत्र एवं निरीक्षण को आधार मानते हुए उक्त विधालय की मान्यता हेतु एन0बी0सी0 कोड–2005 के अन्तर्गत विद्यालय भवन प्रयोग करने की संस्तुति प्रदान की जाती है। शासन द्वारा समय समय पर जारी नेशंनल बिल्डिंग कोड के नियमों का अनुपालन करना भवन स्वामी का उत्तरदायित्व होगा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड भवन लो0नि0वि0
बरेली

1 प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता निमाण खण्ड भवन,लो0नि0वि0,बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड भवन लो0नि0वि0
बरेली